## एक नजर में

### होली, धुलेंडी त्यौहार के अवसर पर शुष्क अवधि घोषित



**बुरहानपुर।** होली, धुलेंडी त्यौहार के अवसर पर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाये रखने की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्ष सिंह ने मध्यप्रदेश राजपत्र ,असाधारण तथा आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 ;1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण बुरहानपुर जिले की सीमा क्षेत्र में 4 मार्च को मदिरा दुकानेध्आबकारी केन्द्रो को बंद रखे जाने हेतु दिनांक 3 मार्च, 2026 को मदिरा दुकानों बंद किये जाने के निर्धारित समय से 4 मार्च, 2026 को शाम 4 बजे तक की अवधि को शुष्क अवधि घोषित किया है। शुष्क अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों फेन्चाईजी रिटेल आउटलेट वाईनशॉप अंबी वाईन बुरहानपुर, एफएल.2 आनंद बार खण्डवा रोड बुरहानपुर, फ एल.3 होटल हाईराईज रीजेन्सी यूनिट ऑफ गुरूसिख लाईजर पेरोडाईज एल. एल.पी.गुरूसिख मॉल टेलीफोन एक्सचेंज के पास बुरहानपुर, एफ एल.3 होटल अंबिका रेसीडेंसी बुरहानपुरए एवं देशी मदिरा संग्रहण भांडागार बुरहानपुर को बंद रखे जाने तथा शुष्क अवधि में मदिरा का क्रय.विक्रय एवं परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित करने हेतु आदेशित किया गया है।

### ग्रहण के कारण एक धुलेंडी के एक दिन पहले होलिका दहन



**नेपानगर।** इस साल ग्रहण के कारण होलिका दहन धुलेंडी से एक दिन पहले किया जा रहा है। 4 मार्च को धुलेंडी मनाई जाएगी। नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही स्थिति रही। नगर में व्यापारियों ने बैठक की और मंगलवार को बाजार खुले रखने का निर्णय लिया। वहीं क्षेत्र में सुबह से ही होलिका दहन को लेकर उत्साह का माहौल रहा। शाम होते ही जगह जगह होलिका दहन किय गया। ग्राम घाघरला में होलिका दहन का आयोजन विशेष परिस्थितियों में किया गया। मंगलवार को ग्रहण लगने के कारण आदिवासी समाज के लोगों ने धार्मिक मान्यताओं का पालन करते हुए होलिका दहन का कार्यक्रम सोमवार शाम को ही संपन्न कर लिया। शाम होते ही गांव के प्रमुख स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। महिलाओंए पुरुषों और बच्चों ने मिलकर विधि विधान से पूजाण्अर्चना की और होलिका दहन किया। पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित महिलाओं ने मंगल गीत गाएए वहीं पुरुषों ने भी पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। ग्रामवासियों का कहना है कि ग्रहण के दौरान शुभ कार्य करना उचित नहीं माना जाता इसलिए आस्था और परंपरा को ध्यान में रखते हुए समय में परिवर्तन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी ने सुख, समृद्धि की कामना करते हुए एकण्दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। ग्राम घाघराला में इस तरह ग्रहण के कारण बदली परंपरा ने ग्रामीणों की धार्मिक आस्था और एकजुटता को दर्शाया।

**डाभियाखेड़ा में भी हुआ होलिका दहन:**–सोमवार शाम ग्राम डाभियाखेड़ा में भी सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुटे। सभी ने उत्साह के साथ होलिका दहन किया। यहां भी ग्रहण के चलते 4 मार्च को धुलेंडी मनाई जाएगी। इसी तरह शहर में भी धुलेंडी का पर्व 4 मार्च को होगा।

**आज खुला रहेगा बाजारए कल मनाएंगे धुलेंडी:**–नगर में मंगलवार को बाजार खुला रहेगा। धुलेंडी बुधवार को मनाई जाएगी। दरअसल ग्रहण के कारण इस बार होलिका दहन तो सोमवार रात किया गयाए लेकिन धूलेंडी एक छोड़कर बुधवार को मनाई जाएगी। इसे लेकर व्यापारियों की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें तय किया गया कि मंगलवार को बाजार खुला रहेगा और बुधवार को धुलेंडी मनाई जाएगी।

### श्री सकल पंच वीसालाड समाज में फाग उत्सव



**बुरहानुपर।** श्री सकलपंच वीसालाड समाज बुरहानपुर के द्वारा होली पूर्व रसिया. फाग उत्सव अति उत्साह के साथ नागझिरी स्थित श्री गणपतिजी की बाडी मे मनाया गया। समाज की बहनों एवं युवाओं ने रसिया . गरबे खेलकर गुलाल लगाकर धूमधाम से फाग उत्सव मनाया। फाग उत्सव के लिए विशेष रूप से अनूप भाई तारकस . नरेश लाड. वंदन तारकस आये थे आपने संगीत के साथ गीत . भजन . कीर्तन भी गाये। मनीष लाड ने शिवजी बनकर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। उनके साथ सभी ने नृत्य कर गरबे भी खेले। इस अवसर पर समाज के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रकांत श्रोफ, श्री लाड क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष गोरधन श्रोफ,महिला मंडल की अध्यक्षा उषा श्रोफ डॉ राकेश लाड, पूर्व अध्यक्ष रमणलाल बजाज ,सचिव भरत श्रोफ सह सचिव ललिता मेहता ,अतुल श्रोफ, संतोष श्रोफ एवं सतीश शाह सहित सभी प्रबुद्ध भाई . बहन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की श्रीकृष्ण युथ ओर्गेनाईजेशन के सदस्यों का अथक प्रथम प्रयास था। कार्यक्रम की जानकारी धार्मिक समिति के प्रमुख राजेश श्रोफने दी।

### होली का त्योहार हमेशा एक नई ऊर्जा और मुस्कान साथ लेकर आता है : आदित्य मुखिया



**बुरहानपुर।** होली का त्योहार हमेशा एक नई ऊर्जा और मुस्कान साथ लेकर आता है। मेरी कामना है कि आज होलिका दहन की पवित्र अग्नि आपके सभी दु:खों और चिंताओं को जलाकर भस्म करदेए और कल के रंग आपके जीवन को नए उत्साह और खुशियों से भर मैतो तुम संग होरी खेलूंगी,मैतो तुम संग,ना चाहिए मोहे मखमल गाद्दी,मैतो टूटे खटोला पे सोई लूंगी,हा वारे रसियाए हो वारे छेला,मैतो खेलूंगी, मैतो खेलूंगी तुम संग होरी खेलूंगी, मैतो तुम संग,आपको और परिवार को होली की हार्दिक शुभकामनाएं ! मैतो तुम संग होरी खेलूंगीए मैतो तुम संग,ना चाहिए मोहे मखमल गाद्दी,मैतो टूटे खटोला पे सोई लूंगी,हा वारे रसियाए हो वारे छेला, मैतो खेलूंगी, मैतो खेलूंगी तुम संग होरी खेलूंगी, मैतो तुम संग,

# भगोरिया पर्व विशेष : जनजातीय–लोक नृत्य संवर्धन यात्रा 2026 का भव्य समापन

**ग्राम झिरपजरिया से हुई थी शुरू पुलिस विभाग ने चलाया विशेष जनजागरूकता अभियान**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिला बुरहानपुर के ग्राम धूलकोट में भगोरिया पर्व के पावन अवसर पर प्रारंभ हुई, जनजातीय एवं लोक नृत्य संवर्धन यात्रा 2026 का भव्य समापन दिनांक 02 मार्च 2026 को भगोरिया के अंतिम दिवस पर ग्राम धूलकोट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह यात्रा 25 फरवरी 2026 को ग्राम झिरपजरिया से प्रारंभ हुई थी। जिसका उद्देश्य निमाड़ अंचल की जनजातीय एवं लोक नृत्य कलाओं का संरक्षण, संवर्धन, सम्मान एवं उन्हें वैश्विक पहचान दिलाना रहा।

समापन दिवस पर यात्रा पुलिस चौकी धूलकोट से प्रारंभ होकर पंचायत भवन तक निकाली गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ,सपत्नी, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह



अलावा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक हरि सिंह रावत, धूलकोट चौकी प्रभारी कमल मोरे सहित अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकार, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं यात्रा प्रमुख मुकेश दरबार उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा पुष्पवर्षा कर जनजातीय कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया। नेपानगर जागृति कला केंद्र के कलाकारों तथा स्थानीय जनजातीय समूहों ने भगोरिया नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे संपूर्ण वातावरण उत्सवमय हो उठा। प्रस्तुतियों में निमाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सजीव झलक देखने को मिली।

हम सब ने ठाना है ,संस्कृति को बचाना है ,एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं हमारी संस्कृति हमारी पहचान..जैसे नारों के साथ यात्रा ने भगोरिया हाट बाजार में भ्रमण कर जन.जन तक सांस्कृतिक चेतना का संदेश पहुँचाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने भगोरिया पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जिले भर में पुलिस विभाग द्वारा विशेष मंच, बैनर.पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन. जागरूकता अभियान संचालित किया गया है। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्परिणाम केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करते हैं। साथ ही ग्रामीणजनों को साइबर ठगी, महिला उत्पीड़न एवं सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। उन्होंने मुकेश दरबार द्वारा संचालित इस सांस्कृतिक नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में संस्कृति के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करते हैं।

अपने उद्बोधन में मुकेश दरबार ने कहा कि निमाड़ की जनजातीय संस्कृति केवल हमारी परंपरा नहीं, बल्कि हमारी आत्मा है। यदि संस्कृति सुरक्षित है तो समाज सुरक्षित है। यह यात्रा गांव.गांव जाकर समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगी। हमारा उद्देश्य निमाड़ की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक पहचान दिलाना है।

समापन अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही जनजातीय एवं लोक कला के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी कराया गया। सभी प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक विरासत की रक्षा हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सनीबाई,सरपंच,कालू मेघवाल,सरपंच प्रतिनिधि, नाथू भाई ;पूर्व सरपंच,मनोज दंगोड़े ,नेपानगर जागृति कला केंद्र की सुश्री मीणा लोंदे, श्रीमती शीला चौधरी, श्रीमती श्वेता दलाल, अर्पिता धीरज, सिद्धि पाटिल, रविंद्र हेनोते,संजय रोड, प्रकाश केदारे,दिलीप शिंदे, सुनील अलावे, बिरजू अलावे, सैयद तौकीर, शेख वसीम,अतुल अलावे, सचिन अलावे, योगेश अलावे, धनजी खेरी, सहित राजेश माशरे, छन्नू माशर, लोकेन सेन, रूखडू पटेल, सुखदेव मेंबर, जयराम मेहता, संदीप धोपे, जयप्रकाश सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। जनजातीय एवं लोक नृत्य संवर्धन यात्रा 2026 निमाड़ की सांस्कृतिक अस्मिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुई, जिसने सांस्कृतिक संरक्षण के साथ.साथ सामाजिक जागरूकता का भी प्रभावी संदेश दिया।

## सीएम हेल्पलाइन पर विशेष फोकस, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीएम हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकता का विषय है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। यह बात कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सोमवार को कही। विदित है कि कलेक्टर श्री हर्ष सिंह संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

**सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की गहन समीक्षा:**–बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों से वन.टू.वन चर्चा करते हुए प्रकरणों की स्थिति जानी। अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

**वाहनों की नियमित जांच करने के दिये निर्देश:**– बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न विभागों के कार्यों, योजनाओं एवं पत्रकों की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण हों तथा प्रगति धरातल पर दिखाई दे।

राजस्व वसूली में तेजी लानेए परख निरीक्षण रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने तथा परिवहन विभाग को नियमित वाहन चेकिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

**कार्यों में प्रगति लायें :**– उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि, जनजातीय विभाग, आजीविका मिशन, उद्योग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। टीकाकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। प्रगति कम पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। कृषि विभाग को गोदामों एवं दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा,अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित समस्त विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हार्ट अटैक से कैसे बचें... महत्वपूर्ण विषय पर राजस्थानी भवन बुरहानपुर में कार्यशाला

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** राजस्थानी भवन में मुंबई के सुप्रसिद्ध डॉ. रतन राठौड़ एडीएम कार्डोलॉजिस्ट जो विगत 25 वर्षों से ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान और अनुभव के अनुरूप




एवं जटिल से जटिल रोगियों की सेवा में हमेशा रत रह कर मानव सेवा कर रहे है। राजस्थानी भवन में आयोजित उक्त कार्यशाला अवसर पर बहुत बड़ी संख्या में इस जिले का जनमानस उपस्थित था स उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ.रतन राठौर ने अपने संबोधन में उत्कृष्ठ विचार रखते हुए आहार विचार और व्यवहार को संतुलित करते हुए हार्ट अटैक से कैसे बचें इस बारे में विस्तृत जानकारी देकर कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को महती जानकारी से अवगत कराया।

उक्त कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. दिव्येश लाड इंटरनल मेडिसिन एवं डॉ.निमिषा लाड दंत रोग विशेषज्ञ थे। कार्यशाला अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख डॉ. मनोज अग्रवाल,मनोज गर्ग ,वरिष्ठ समाजसेवी महेन्द्र जैन , संस्था से जुड़े हुए जगदीश जग्यासी , गजानन भाई एवं बड़ी संख्या में जिले का जनमानस व सेवा भावी महानुभव उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल एवं सुंदर संचालन ब्रह्मकुमारी बहन द्वारा किया गया स कार्यक्रम में उपस्थित जनों का अभार नीरज कक्कड़ द्वारा किया गया। उक्त जानकारी ब्रह्मा कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय केंद्र प्रमुख मंगला दीदी द्वारा दी गयी।

## ठा. शिवकुमारसिंह इंजीनियरिंग महाविद्यालय के 7 वे सेमेस्टर का परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा इंजिनियरिंग मे अध्ययनरत् 7वे सेमेस्टर के विद्यार्थीयो के परिक्षा परिणाम घोषित किये गये। सहकारीता क्षेत्र मे जिले के महाविद्यालय, ठा. शिवकुमारसिंह मेमोरियल इंजिनियरिंग कॉलेज के चतुर्थ वर्ष के सातवे सेमेस्टर के कई विद्यार्थीयो ने विश्वविद्यालयीन स्तर पर प्रावीण्य सुची मे अपना स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय् तथा जिले का नाम रोशन किया। आर.जी.पी.वी. भोपाल द्वारा घोषित परिणामो मे वर्ष के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहै।



संस्था के इंजिनियरिंग कॉलेज की इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकशेन इंजिनिय रिंग ब्रांच मे प्रथम स्थान गणेश गवांडे ने 8.75 एसजीपी,अंको के साथ एवं द्वितीय स्थान पर ईशा महाजन ने 8.71 एसजीपी, अंको के साथ प्राप्त किया। इसी श्रेणी मे क्रमश: इलेक्ट्रीकल इंजिनियरिंग ब्रांच मे प्रथम स्थान लक्ष पाटील ने 8.46 एसजीपी, अंको के साथ एवं द्वितीय स्थान किशोर महोतकर 8.46 एसजीपी, अंको के साथ रहे, कम्प्युटर साइंस एण्ड इंजिनियरिंग ब्रांच मे प्रथम स्थान पर जागृति सोनानी 9.29 एसजीपी, अंको के साथ एवं द्वितीय स्थान पर दीक्षा तिवारी 8.88 एसजीपी,अंको के साथ रहे, सिविल इंजिनियरिंग ब्रांच मे प्रथम स्थान अयान खान धुरानी ने 7.32 एसजीपी, अंको के साथ एवं द्वितीय स्थान भगवती बारे 7.14 एसजीपी, अंको के साथ रहे। मेकेनिकल इंजिनियरिंग ब्रांच मे प्रथम स्थान अविनाश पटेल ने 9.04 एसजीपी, अंको के साथ एवं द्वितीय स्थान पर सोहेल खान 8.63 एसजीपी, अंको के साथ रहे।

इसके अतिरिक्त इंजिनियरिंग के अन्य विद्यार्थीयो ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज के परिक्षा परिणाम को श्रेष्ठ बनाया। इस अवसर पर नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना प्रशासक, प्रबंधन, कॉलेज के प्राचार्य, कार्यालय अधीक्षक एवं समस्त कॉलेज स्टॉफने विद्यार्थीयो को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## महापौर ने शहरवासियों को दीं होलिका दहन होली की शुभकामनाएं, बोलीं : एकता का प्रतीक है यह त्योहार



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** महापौर श्रीमती माधुरी अतुल जी ने नगर के सभी सम्मानित नागरिकों को होलिका दहन एवं होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। रंगों के त्योहार होली के पावन अवसर पर सभी शहर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं, हर्षोल्लास का यह पर्व एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। यह त्योहार भारत की अनमोल सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। आइए इस शुभ अवसर पर हम सब मिलकर शहरवासियों के जीवन में निरंतर प्रगतिए समृद्धि और खुशियों के रंग भरने का संकल्प लें। रंगों का यह पावन त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देता है। होलिका दहन असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। महापौर ने अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व हमें सभी भेदभावों को भुलाकर एकजुट होने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि होली का उत्सव शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मनाएं। जल संरक्षणए प्राकृतिक रंगों का उपयोग तथा स्वच्छता बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें। उन्होंने नगर निगम की ओर से शहरवासियों के सुख,समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है तथा विश्वास व्यक्त किया है कि सभी नागरिक मिलकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित रखेगें।

**एक नजर** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 की जिला कार्यशाला संपन्न ....

# भाजपा विचार आधारित पार्टी होने के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है : कल्याण अग्रवाल





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानुपर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को स्थानिय होटल मन में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता , पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण ,दिप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षण के संभागीय प्रभारी कल्याण जी अग्रवाल , सांसद ज्ञानेश्वर जी पाटील, इस महा अभियान से प्रदेश प्रशिक्षण टोली की दायित्ववान एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस , जिला प्रभारी क्षितिज जी भटट, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, विधायक मंजु दादु नेपानगर, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, म.प्र. किसान मोर्चा महामंत्री मनोज लधवे, प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाती प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष सुमित्रा कास्डेकर, महामंत्री सर्वश्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव, प्रशिक्षण जिला टोली प्रभारी संभाजी सगरे, श्रीमती मधु चौहान, विक्रम चौहान, मंचासीन रहे। इस अवसर पर मंचारसीन अतिथिों का स्वागत भाजपाई अंगवस्त्र पहनाकर किया गया। इस दौरान पीपीटी पर कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विस्तृत जानकारी विस्तार पूर्वक प्रदर्शीत की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला के आयोजन को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। आपने कहा कि यह कार्यशाला कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर समाज में पार्टी की योजनाओं को पहुचाने, भाजपा की निती,रीती और संगठनात्मक मजबुती को लेकर आयोजीत की जा रही है। पार्टी का विचार जन जन तक पहुचे यहि पमुख उदेश्य है।

संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी श्री कल्याण अग्रवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला की रूपरेखा एवं इस प्रशिक्षण का राष्ट्रीय स्तर से लगाकर बुथ स्तर तक किया जाना तथा कार्यशाला के विषयों को लेकर अपनी बात रखी। आपने प्रशिक्षण अभियान के उद्देश्य पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

उन्होंने कहा कि हमारा दल व्यक्ति,नेता आधारित नहीं है , विचार आधारित पार्टी होने के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। राजनीति हमारे लिए लोक कल्याण के लिए है। हम जिस पथ पर है उसकी कार्य पद्धति याद होना चाहिए। कार्यशाला में अपेक्षित श्रेणी के सुधीजन भग लेगें। आपेन पार्टी के द्वारा व्यक्ति का निर्माण और व्यक्ति से संगठन का निर्माण और संगठन से राष्ट्र का निर्माण इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य है। इस वर्ग में हमारी विचारधारा, हमारी कार्य पद्धति,हमारी पार्टी का इतिहास और विकास, शासन की योजनाएं, मन की बात,सोशल मीडिया नई तकनीक आदि विषयों पर वक्ता प्रशिक्षण देंगे।

कार्यशाला में जनप्रतिनिधी, जिला कार्यकारीणी,मंडल ,प्रकोष्ठो कमे पदाधिकारी सहित अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। वर्ग गीत जिला मंत्री श्रीमती अर्चना पाटील द्वारा एवं वंदेमातरम का गायन गौरव गंगवाल द्वारा तथा कार्यक्रम का संचालन महामंत्री चिंतामन महाजन द्वारा किया गया।

### पंच परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय करें : चिटनिस



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने पंच परिवर्तन के पांचों सिद्वान्तो को उपस्थित जिला,मंडल एवं मोर्चा व प्रकोष्ठो के अपेक्षित पदा धिकारीयों,जनप्रतिनिधीयों के समक्ष विस्तार पूर्वक समझाते हुवे नागररिक कर्तव्य, स्वदेशी जीवन शैली , सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण पर महत्वपुर्ण जानकारी प्रदान की। आपने उपरोक्त पंच परिवर्तन के पांचो सिद्धान्तो पर विस्तार से बताते हुवे कहा कि पंच परिवर्तन के पांचो सिद्धाँत पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय करना होगी।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने अमृतकाल के पंच प्रण, एवं हमारी पंचनिष्ठा, विषय पर भी सारगर्भीत जानकारी प्रदान की। आपने कहा कि वैचारीक दृष्टि से समझ हो तभी व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक कर कर पाता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संध के शताब्धि वर्ष पर उसके गठन ,उदेश्य और वर्तमान में उसकी सार्थकता पर बल देते हुवे बताया कि वर्तमान सरसंधचालक श्री मोहन भगवत जी द्वारा जय मानक समाज में समरसता को बढाने और आधुनिक युग में परिवर्तन को देखते ,समझते हुवे भारत का मान बढाने तथा आने वाली चुन्नौत्तीयों का सामना करने के लिए समाज को तैयार करने की बात कही। प्रशिक्षण के माध्यम से नई और पुरानी पीढ़ी के बीच वैचारिक संवाद एवं अनुभवों का आदान.प्रदान होता है, जिससे संगठन की कार्यपद्धति और अधिक मजबूत होती है। अन्त में आपने बेटी बचाओं एवं जल बचाओं के समान मिटटी बचाने पर बल दिया।

### संगठन के निरंतर प्रशिक्षण अनुशासन और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का परिणाम : क्षितिज भटट



जिला प्रभारी क्षितिज भटट ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को नवाचार पर जानकारी प्रदान की ,आपने बताया कि किस प्रकार हम पार्टी के आयोजनो , मंडल से लेकर बुथ स्तर तक होने वाले प्रशिक्षण दौरान नवाचार कर इस और नए मानक गढ सकते है। संगठन के निरंतर प्रशिक्षण अनुशासन और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का परिणाम है। आज पार्टी विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन चुकी है। प्रशिक्षण को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना आवश्यक है,ताकि वे विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी रूप से जन.जन तक पहुंचा सकें। आपने कहा कि मंडल अध्यक्षों के साथ मंडल स्तरीय कार्यशालाओं की योजनाए समय.निर्धारण एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा 11 मार्च से 14 अप्रैल तक अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न व्यवस्थापन एवं संचालन समितियों का गठन किया जाएगा जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराएंगी। प्रशिक्षण के विषयों में पार्टी का इतिहास एवं विकास, बूथ प्रबंधन, सरकार की उपलब्धियां तथा सामाजिक माध्यम से संबंधित विषय शामिल हैं।